जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-3 जयपुर, सोमवार, 17 जनवरी, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4


# गुस्साए मंत्री ने पत्रकारों के कोरोना प्रोटोकॉल के सवाल पर दिया ये बेतुका बयान "काउन्टिंग कर केस कर दो"

## नगर पालिका के कार्यक्रम में खुलकर उड़ी कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां







- राजस्थान सरकार के मंत्री और चेयरमैन बिना मास्क के आए नजर
- शक्ति प्रदर्शन के लिए जुटाई हजारों की संख्या में भीड़
- पत्रकारों के कोरोना प्रोटोकॉल के सवाल पर गुस्साए मंत्री
- भीड़ की काउंटिंग कर केस दर्ज करने का दिया बयान



### चेयरमैन ने मंत्री चांदना का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया



**प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं । और दूसरी तरफ उन्हीं की सरकार के मंत्री कोरोना गाइडलाइन के सवाल करने पर बिफर उठते हैं ।**

चौमूं / जयपुर (हमारा वतन) एक बार फिर साबित हो गया की कोरोना की गाइडलाइन सिर्फ और सिर्फ आम जनता के ऊपर ही थोपी जाती है, उसी को बार-बार सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क लगाने को कहा जाता है । अगर किसी दुकानदार ने मास्क नहीं लगाया तो उस पर प्रशासन जुर्माना करता है। स्कूल, कोचिंग संचालकों पर भी जुर्माना लगाया जाता है । अगर किसी के यहां शादी समारोह है तो उस पर 100 से ज्यादा मेहमान शामिल होने की पाबंदियां लगा दी जाती हैं ।

अंत्येष्टि संस्कार में भी सिर्फ 20 लोगों के शामिल होने की अनुमति प्रशासन द्वारा दी गई है, लेकिन अगर राजनेता कोई कार्यक्रम करता है तो उसे किसी भी नियम के पालन करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह सर्वे सर्वा है उसे कोई कुछ भी नहीं कह सकता। ऐसा ही नजारा आज नगर पालिका चौमूं में आयोजित कांग्रेस बोर्ड के 1 साल बेमिसाल कार्यक्रम के दौरान देखने को मिला । जहां मंच पर राजस्थान सरकार के खेल मंत्री अशोक चांदना और चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी सहित कई अतिथि बिना मास्क लगाए नजर आए । साथ ही कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे जबकि गाइड लाइन के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में राजनीतिक कार्यक्रमों में सिर्फ 50 लोगों के ही शामिल होने का नियम है । बुजुर्गों के सम्मान के दौरान भी बिना मास्क के ही नज़र आए ।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन भी मजबूर नजर आया । कोरोना गाइड लाइन की पूरे कार्यक्रम में खुलकर धज्जियां उड़ाई गई । यह फोटो में आप साफ तौर से देख सकते हैं । पत्रकारों के कोरोना प्रोटोकॉल के सवाल पर मंत्री अशोक चांदना गुस्सा हो गए और पत्रकार को पत्थर से मारने और केस दर्ज कराने का बेतुका बयान भी दे डाला ।

अगर सरकार के जिम्मेदार मंत्री ही राजनीतिक कार्यक्रम में शरीक होकर कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं करवाएंगे तो फिर आम जनता से क्या उम्मीद की जा सकती है ? हालांकि पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी जरूर कार्यक्रम के दौरान मास्क लगाते हुए नजर आए । जानकारी के अनुसार शहर के बस स्टैंड स्थित नगरपालिका परिसर में नगरपालिका में कांग्रेस बोर्ड के एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर एक साल बेमिसाल के नाम से समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि खेल व युवा मामले मंत्री अशोक चांदना व पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । खेल मंत्री अशोक चांदना ने रींगस रोड स्थित खेल स्टेडियम के विकास के लिए 2 करोड रुपए देने की घोषणा की। चेयरमैन ने अपने 1 साल के कार्यकाल में 30 करोड़ के विकास कार्य के बारे में बताया। इस दौरान नगरपालिका के लोगो को भी लांच किया गया। कार्यक्रम में 100 वर्ष से अधिक आयु के 4 बुजुर्गों सम्मानित किया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर व काव्य उत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।


लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9785438901, 8949138008

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट


## गहलोत सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील जिसे सत्ता में रहने का अधिकार नहीं - सांसद दीया कुमारी

जयपुर (नि.सं.)। सांसद दीयाकुमारी ने अलवर और राज्य के अन्य जिलों में बढ़ती बलात्कार की घटनाओं पर गहरा रोष प्रकट करते हुऐ राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। अपने बयान में सांसद दीया ने कहा कि 16 साल की दिव्यांग बच्ची के अपहरण और उसके साथ हुए अमानुषिक कृत्य के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। इस तरह की शर्मनाक और वीभत्स घटनाएं राज्य में आम बात हो गई हैं। ऐसे जघन्य अपराधों के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील है। राजस्थान वीरों और साहसी लोगों की भूमि है लेकिन आज मुझे यह कहते हुए खेद जो रहा है कि यह देश की रेप कैपिटल बन गई है।

# यूईएम जयपुर द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर 6 दिवसीय एआईसीटीई आईएसटीई इंडक्शन प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन

जयपुर (हमारा वतन) यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर को आईएसटीई, नई दिल्ली के सहयोग से एआईसीटीई से पूरी तरह से वित्त पोषित 6 दिनों के कार्यक्रम के लिए चुना गया था। 6 दिवसीय कार्यक्रम का विषय मशीन लर्निंग और बिग डेटा में उभरते रुझान, मुद्दे और चुनौतियां था और कार्यक्रम 5 से 11 जनवरी 2022 तक यूईएम जयपुर के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रो. डॉ. मृणाल कांति सरकार, प्रमुख- सीएसई विभाग, यूईएम जयपुर ने पूरे कार्यक्रम का उत्कृष्ट समन्वय किया। प्रो. डॉ. विजय वैद्य, कार्यकारी सचिव, आईएसटीई और कर्नल बी वेंकट, निदेशक (एफडीसी), एआईसीटीई 5 जनवरी, 2022 को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे। डॉ विजय ने यूईएम जयपुर की पूरी टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

भारत के विभिन्न एनआईटी, आईआईटी और संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, डेनमार्क और ऑस्ट्रेलिया के अन्य शैक्षणिक और औद्योगिक संगठनों से प्रसिद्ध व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। इस बहुत ही जानकारीपूर्ण 6 दिवसीय कार्यक्रम में पूरे भारत के शैक्षणिक संस्थानों के 100 से अधिक संकाय सदस्यों ने भाग लिया।




यूईएम, जयपुर कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. मृणाल कांति सरकार, डॉ. जी. उमा देवी, डॉ. सिबुन परिदा, प्रो. रूपायन दास, प्रो. दीप्त मुखर्जी, प्रो. शताब्दी बसु, प्रो. ज्योति खंडेलवाल, प्रो. सौविक बाल, ने प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर की देखरेख में कार्यक्रम के ऑनलाइन संचालन की व्यवस्था की और उन्होंने बताया कि एआईसीटीई और आईएसटीई नियमित रूप से उभरती प्रौद्योगिकियों में एआईसीटीई अनुमोदित संस्थानों के शिक्षकों के प्रशिक्षण और विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। यूईएम जयपुर को इस कार्यक्रम के संचालन के लिए एआईसीटीई और आईएसटीई से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है।

जानकारी के लिए आपको बता दे की यूईएम जयपुर विश्वविद्यालय छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए साथ ही शिक्षकों और छात्रों के लाभ में इस तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने बताया कि विश्वविद्यालय हमेशा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में संकाय सदस्यों के उत्थान और उन्नयन की दिशा में काम करता है और नियमित रूप से इस प्रकार के संकाय विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करता है।

# स्वामी विवेकानन्द सम्मान से सम्मानित हुए समाजसेवी

मुंबई (हमारा वतन) गोण्डा विकासखण्ड वजीरगंज के अशोकपुर टिकिया में शान्ती फाउंडेशन के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला एवं स्वामी विवेकानन्द सम्मान समारोह का आयोजन कोविड नियमों को ध्यान में रखते हुए गूगल मीट पर 11 बजे से किया गया।




यह कार्यक्रम में गूगल मीट ऑनलाइन एवं ऑफ़लाइन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार शाह पद्मश्री महाराष्ट्र,अति विशिष्ट अतिथि ज्ञान बहादुर पासी प्रवक्ता डायट-गोण्डा ,विशिष्ट अतिथि डॉ.विनय कंसल पर्यावरणविद दिल्ली ,मुख्य वक्ता-कवयित्री अन्नपूर्णा मालवीया (सुभाषिनी) संस्कृत प्रवक्ता गौरी पाठशाला इंटर कॉलेज प्रयागराज,संचालन-गया प्रसाद आनन्द,संयोजक- सुनील कुमार आनन्द शिक्षक/समाजसेवी,सहसंयोजक- एस बी सागर निदेशक स्वदेश,संस्थान,आयोजक- पिंकी देवी अध्यक्ष शान्ती फॉउंडेशन गोण्डा कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण भारत शान्ती फॉउंडेशन,रमेश आनन्द कोषाध्यक्ष के द्वारा विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी के योगदान को बताया गया।

जिसमें चित्रकार गया प्रसाद के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी का पोस्टर बनाकर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक सुनील कुमार आनन्द ने बताया कि पूरे भारत से मनोज कुमार,वन्दना पटेल,विनीता कुशवाहा, डॉ मीना कौशल,जावेद क़मर, शब्बीर अली,याकूब गोंडवी,वीना आडवाणी मुम्बई,सरिता गौतम,रविन्द्र सिरोही,रीता जी,नेहा बिहार,नेपाल सिंह,मनजीत कौर,सुमन कुशवाहा ,नीरज झांसी,सुधा उपाध्याय,चन्दा कुमारी स्वर्णकार,सुनील कुमार वर्मा,बलजीत सिंह कनौजिया सहित 200 से अधिक विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षक, समाजसेवी, चिकित्सक, कृषक, सेना एवं पर्यावरण आदि के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान करने वालों को संस्था द्वारा स्वामी विवेकानन्द सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर निम्स अस्पताल के निदेशक डॉ पंकज सिंह का हुआ स्वागत


जयपुर (हमारा वतन) स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष पर नव भारत सेवा संस्थान जयपुर द्वारा विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि निम्स अस्पताल के निदेशक डॉ पंकज सिंह ने शिरकत की। डॉ पंकज सिंह का नव भारत सेवा संस्थान जयपुर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया गया। संस्थान के निदेशक महेश यादव एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने डॉ पंकज सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



डॉ पंकज सिंह ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें स्वामी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।उन्होंने नवभारत सेवा संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे जनहित एवं सामाजिक कार्यों के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। नव भारत सेवा संस्थान निदेशक महेश यादव ने बताया की यह तृतीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 517 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। संस्थान के निदेशक महेश यादव एवम उनके समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा निम्स अस्पताल की मार्केटिंग टीम द्वारा किए गए सहयोग के लिए स्वागत किया एवम धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की हस्तरेखा विज्ञान पुस्तक का विमोचन

जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक हस्तरेखा विज्ञान का विमोचन खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया। खाचरियावास ने कहा कि रविंद्र हस्तरेखा विज्ञान पुस्तक में सरल पद्धति से हस्तरेखा के बारे में दर्शाया है, इसमें संपूर्ण जानकारी दी हुई है। इस दौरान मंत्री से आचार्य ने कई मुद्दों पर चर्चा की। आचार्य ने मंत्री को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर व श्याम कलम देकर सम्मानित किया। आचार्य ने मंत्री को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पंडित अमित आचार्य ,शेर सिंह ,प्रदीप सिंह, प्रदुमन सिंह राजेंद्र सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## चौमूं जनरल फैंसी फुटवियर स्टेशनरी व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

जयपुर (हमारा वतन) चौमूं जनरल फैंसी फुटवियर स्टेशनरी व्यापार मंडल की बैठक हुई जिसमें अध्यक्ष पदम चंद बड़जात्या, लाला राम गुलिया और मनीष गोयल ने कार्यकारिणी का विस्तार किया । पदाधिकारियों में अध्यक्ष पदम चंद जैन बड़जात्या, महामंत्री लालाराम गुलिया, संरक्षक मोहन लाल तंवर , संरक्षक घीसालाल सैनी, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष मदन लाल सैनी, संगठन मंत्री ओम प्रकाश सैनी ,राजेंद्र कासलीवाल, राजेश गुलिया ,कोषाध्यक्ष गोपाल झालानी , सह कोषाध्यक्ष दिनेश मोदी, सह मंत्री हरीश नेनवानी, सागर गोरा, यूनुस खान ,मीडिया प्रभारी पवन सोनी ,महेश बजाज को नियुक्त किया गया । कार्यकारिणी सदस्यों में मुकेश मोदी, कैलाश लौड़्या, मदन लाल बिजारणिया, बाबूलाल सिंधी, राजेंद्र डँगायच, आदित्यैंद्रजीत शर्मा, राजेश जैन, प्रवीण खटोड़, राजेंद्र शर्मा ,दिनेश चतुर्वेदी, राम बाबू माहेश्वरी, घनश्याम अग्रवाल, सिंबू दयाल बजाज रहे ।

# जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के निशुल्क चिकित्सा शिविर में 123 रोगी लाभान्वित

जयपुर (हमारा वतन) जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के तत्वाधान में नवा निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर मोहित गेस्ट हाउस सीतापुरा में कोरोना महामारी की सरकारी एडवाइजरी का पालन करते हुए संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं संयोजक मोहनलाल शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ ।

शिविर में डॉक्टर मुकेश सोनी ,डॉ विश्वास शर्मा डॉक्टर नीरज यादव , मुकेश शर्मा एवं टीम ने निशुल्क परामर्श दिया एवं 123 जनों को निशुल्क दवा वितरित की गई । इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कोरोना महामारी की तीसरी लहर से बचने के लिए सभी से सरकारी एडवाइजरी का पालन करते हुए मास्क का नियमित इस्तेमाल करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करने एवं अत्यावश्यक ना होने पर भीड़-भाड़ से बचकर इस जंग में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया ।




कार्यक्रम संयोजक एवं सांगानेर तहसील अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने चिकित्सकों का संस्था की ओर से अभिनंदन किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर सुधीर चौधरी ,भगवती शर्मा, कपिल शर्मा विष्णु शर्मा, कमलेश शर्मा प्रदुमन शर्मा सहित संस्था पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे ।

## 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र, दो हिस्सों में पूरी होगी कार्रवाई

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी से होगी। 31 जनवरी को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। वहीं, 1 फरवरी को सरकार की तरफ से संसद में आम बजट पेश किया जाएगा। यह बात समाचार एजेंसी PTI की तरफ से रिपोर्ट किया गया है। सूत्रों के अनुसार ओमिक्रॉन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इस बार सत्र दो हिस्सों चलेगा। पहला सत्र 31 जनवरी से 11 फरवरी तक, वहीं दूसरा सत्र 14 मार्च से 8 अप्रैल तक चलेगा। बता दें, तीसरी लहर के दौरान पिछले एक महीने में संसद भवन के 718 कर्मचारी कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से ज्यादातर पिछले दो सप्ताहों के दौरान संक्रमित हुए हैं। 9 जनवरी तक करीब 400 कर्मी कोरोना संक्रमित थे लेकिन बीते यह आंकड़ा 700 पार कर गया है। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि संक्रमितों में से करीब 200 कर्मचारी राज्यसभा के हैं। बाकी लोकसभा एवं अन्य विभागों से जुड़े बताए जाते हैं। बता दें कि लोकसभा और राज्यसभा ने अपने एक तिहाई कार्मिकों को घर से काम करने की अनुमति दी है।

# जॉब्स

1. राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा विभाग, पद तृतीय श्रेणी शिक्षक, पद संख्या 32000, अंतिम तिथि 9 फरवरी 2022
2. एम्पलाई स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (ईएसआईसी), पद यूडीसी, स्टेनो, एमटीएस, पद संख्या 3600, अंतिम तिथि 15 फरवरी 2022
3. नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) पद विभिन्न, पद संख्या 1925, अंतिम तिथि 10 फरवरी 2022
4. रेलवे कोच फैक्ट्री कपूरथला, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 56, अंतिम तिथि 31 जनवरी 2022
5. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद सीजीएल, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 23 जनवरी 2022
6. सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी), पद असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 24 जनवरी 2022
7. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी बोर्ड (सीआईएसएफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
8. यूपी पुलिस, पद असिस्टेंट ऑपरेटर, पद संख्या 1374, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022

## बगवाड़ा में 19 जनवरी को होगा विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन

जयपुर (हमारा वतन) जयपुर जिले के बगवाडा स्थित स्व. श्रीमती कमला देवी जाँगिड़ फाउंडेशन द्वारा स्व. श्रीमती कमला देवी जाँगिड़ धर्मपत्नी श्री ओमप्रकाश जाँगिड़ की द्वितीय पुण्यतिथि पर 19 जनवरी को बगवाड़ा में स्वेच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । फाउंडेशन के संरक्षक ओमप्रकाश जाँगिड़ ने बताया कि डेंगू, वायरल बुखार और अन्य मरीजों के उपचार के लिए ब्लड बैंकों में हो रही रक्त की कमी को देखते हुए 19 जनवरी स्वेच्छिक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। शिविर में एकत्रित रक्त मरीजों के इलाज में रक्त की कमी की आपूर्ति करेगा ।



## गुंजन पंत ने खोला भोजपुरी इंडस्ट्री का राज, कहा- हीरो के मुकाबले ऐक्ट्रेस को कम फीस मिलती है

अदाकारा गुंजन पंत ने भोजपुरी ऐक्ट्रसेस के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। गुंजन ने कहा कि किसी फिल्म को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने के बावजूद ऐक्ट्रेस को फिल्म के हीरो से कम फीस दी जाती है। भोजपुरी ऐक्ट्रेस गुंजन पंत आज किसी पहचान की मोहताज नही हैं। हाल ही में गुंजन पंत ने भोजपुरी इंडस्ट्री के बारे में कई खुलासे किए हैं। भोजपुरी सिनेमा की पोल खोलते हुए गुंजन ने बताया कि इस इंडस्ट्री में आज भी भेदभाव होता है। ऐक्ट्रेस को ऐक्टर से कम फीस दी जाती है।



**एक्टर को मिलते हैं ज्यादा पैसे-** गुंजन पंत ने भोजपुरी इंडस्ट्री में हो रहे भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि एक एक्ट्रेस अपने रोल को अच्छी तरह से निभाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं लेकिन जब उन्हें मेल लीड से कम पैसे मिलते हैं तो बहुत बुरा लगता है और इससे उसका मनोबल भी गिर जाता है। आगे उन्होंने कहा कि फिल्मों को हिट बनाने में एक अभिनेत्री भी बड़ी भूमिका निभाती है। फैन्स थिएटर में ऐक्टर और ऐक्ट्रेस दोनों को देखने के लिए जाते हैं। फिल्म की शूटिंग से लेकर प्रमोशन तक हम खूब मेहनत करती हैं। इसलिए उन्हें भी मेल स्टार के बराबर ही फीस दी जानी चाहिए।

**बड़ी फिल्मों में कर चुकी हैं काम-**गुंजन पंत ने हाल ही में अपना बर्थडे भी सेलिब्रेट किया हैं। उत्तराखंड के नैनीताल जन्मी गुंजन ने अपनी पढ़ाई भोपाल के नूतन कॉलेज से पूरी की है। गुंजन ने 2014 में आई फिल्म 'करनी के फल आज ना ता कल' से भोजपुरी इंडस्ट्री में कदम रखा था। बाद में उन्होनें गुंडा, कहार, ये इश्क बड़ा बेदर्दी है और एक्शन क्वीन मधुबाला जैसी फिल्मों में भी काम किया।

**आनेवाली हैं कई फिल्में-**फिल्मों की बात करें तो गुंजन पंत इन दिनों कई फिल्मोंकी शूटिंग में बिजी हैं। उन्होंने हिंदुस्तान मेरी जान की शूटिंग हाल ही में नेपाल में पूरी की है। इसके अलावा वो कवन कसूर, जननी और एक वेब सीरीज सयान मगन पहलवानी की शूटिंग भी कर रही हैं। गुंजन को अपनी आनेवाली फिल्म अजनबी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है।

## क्या आपको हर बात पर दूसरों की प्रशंसा चाहिए? विशेषज्ञ बता रहें हैं इसका कारण



क्या आपने देखा है कि कुछ लोगों को हमेशा दूसरों द्वारा प्रशंसा की आवश्यकता होती है? वैलीडेशन उनके लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है? एक विशेषज्ञ इसका जवाब दे रहें हैं।पिछले कुछ वर्षों में, सोशल मीडिया में उछाल के कारण प्रशंसा की अवधारणा सबसे आगे आई है। जैसे ही आप किसी फोटो-शेयरिंग या वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर कोई तस्वीर या कहानी अपलोड करते हैं, पसंद और सराहना की इच्छा हावी हो जाती है। बेशक, हर किसी के मामले में यह नहीं होता। लेकिन यह वही है जो ऐसे प्लेटफ़ॉर्म चाहते हैं अपने यूजर की असुरक्षा।

**तो वैलिडेशन वास्तव में क्या है और यह आपके जीवन को कैसे प्रभावित कर सकता है? ऐसा क्यों है कि कुछ लोगों को दूसरों की तुलना में इसकी अधिक आवश्यकता होती है?**

आईविल की मनोवैज्ञानिक, डॉ प्रीति कोचर, अपने विचार साझा करती हैं, भावनात्मक मंजूरी में किसी अन्य व्यक्ति की भावनाओं को समझना और स्वीकृति दिखाना शामिल है। जब लोग इस प्रकार की मान्यता प्राप्त करते हैं, तो उन्हें लगता है कि उनकी भावनाओं को न केवल दूसरों द्वारा देखा और सुना जाता है, बल्कि इन भावनाओं को भी स्वीकार किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को लगता है कि उनके विचारों और भावनाओं को नहीं सुना और समझा जाता है, तो उन्हें अलग-थलग और असमर्थित महसूस किया जा सकता है। यह, समय के साथ, कुछ व्यक्तियों में असुरक्षा पैदा कर सकता है, जिनकी आत्म-सत्यापन की भावना की कमी हो सकती है और उन्हें सत्यापन के व्यसनी में बदल सकता है। स्वीकृति व्यसन के रूप में जाना जाता है। इस व्यवहारिक स्वास्थ्य स्थिति को आपके आस-पास के लोगों के अनुमोदन को जीतने और हर कीमत पर अस्वीकृति की भावनाओं से बचने की तीव्र इच्छा के रूप में परिभाषित किया गया है।

**आपको निरंतर तारीफ की आवश्यकता क्यों है?**

डॉ कोचर बताती हैं, लोग कई कारणों से ध्यान आकर्षित करते हैं, जिनमें सामान्य भावनात्मक विकास, कम आत्म-सम्मान, और कुछ चरम मामलों में, व्यक्तित्व विकारों की उपस्थिति शामिल है। भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक कारण आमतौर पर बच्चे के ध्यान आकर्षित करने वाले व्यवहार के पीछे होते हैं। यह स्वाभाविक रूप से बुरा नहीं है! वास्तव में, हम सभी बाहरी मान्यता पर पूर्ण निर्भरता की स्थिति में जीवन की शुरुआत करते हैं। बच्चों के रूप में, हम उचित व्यवहार सीखने के लिए इस पर भरोसा करते हैं। वयस्कों के रूप में, यह जनजाति जीवन का एक आवश्यक हिस्सा है।दोस्तों के साथ सहयोग करने के लिए आपको दूसरों से निर्देश और रचनात्मक आलोचना लेने में सक्षम होना चाहिए। समस्या तब होती है जब बाहरी स्वीकृति आपके लिए सब कुछ और अंतिम हो जाती है। दूसरों की राय को पूरी तरह से त्यागना भी स्वस्थ नहीं है। यदि आपके बॉस ने आपसे आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट में कुछ बदलाव करने के लिए कहा है, या यदि एक प्रोफेसर ने आपके निबंध के लिए एक अलग एंगल का सुझाव दिया है, तो क्या आप फीडबैक को पूरी तरह से अनदेखा कर देंगे? वह आगे कहती हैं, यह किसी के साथ सहमत होने या उनके विचारों को अपना मानने के बारे में नहीं है। यह इन विचारों और अनुभवों को मान्य होने के रूप में स्वीकार करने में सक्षम होने के बारे में है।



## सिर्फ सर्दी जुकाम के लिए ही नहीं, आपकी स्किन के लिए भी फायदेमंद है भाप लेना

देश में कोरोना वायरस संक्रमण का दौर चल रहा है ऐसे में कई लोग संक्रमण से बचाव के लिए स्टीम लेते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि आपकी स्किन के लिए भी स्टीम काफी फायदेमंद है ? हम से जानिए कैसे?स्टीम लेने के कितने फायदे होते हैं? नहीं पता! क्योंकि अक्सर हम सिर्फ सर्दी, खांसी, जुकाम के लिए ही स्टीम लेते हैं। हालांकि स्टीम लेने से हमें अपने सौंदर्य को बढ़ाने में मदद मिलती है। आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि चेहरे पर स्टीम लेने की टेक्नीक आज की नही है। बल्कि चेहरे पर भाप लेने की प्रथा यूनानियों के दौर से चलती चली आ रही है। यूनानी अपने शरीर की सफाई के लिए स्टीम बाथ लिया करते थे। इसके अलावा चीन में भी यह बाथ काफ़ी प्रचलित है।अगर आपको स्किन से जुड़ी कुछ आम समस्याएं हैं,जो कॉस्मेटिक्स और घरेलू दवाओं से नहीं ठीक हो रही हैं तो आप फेशियल स्टीम का सहारा ले सकती हैं। यह आपको ड्राई स्किन के साथ-साथ मुहांसों जैसी आम समस्याओं को ठीक करने में मदद करेगा। स्टीम लेने से आपके चेहरे की गहरी सफाई होती है। हमारे चेहरे पर मौजूद पोर्स बंद हो जाते हैं लेकिन स्टीम के सहायता से हम इन्हें खोल सकते हैं, और चेहरे पर जमी गंदगी को बाहर निकाल सकते हैं।

## तारा सुतारिया ने फिर से दिखाई हॉट अदाएं, व्हाइट ब्रालेट पहन कैमरे के सामने दिया पोज

तारा सुतारिया बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्रियों में से हैं। अपने सोशल मीडिया पेज पर वह अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।



इस वक्त वह अपनी आने वाली फिल्म 'तड़प' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म में उनके साथ अहान शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। प्रमोशन के दौरान का अब उनका नया लुक सामने आया है जिसमें वह इंटरनेट का पारा बढ़ाती नजर आ रही हैं। तारा की इन तस्वीरों पर फैन्स खूब कमेंट्स कर रहे हैं। तारा ने तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि- इस मौके पर तारा ने व्हाइट कलर का ब्रालेट पहना और ब्लैक ट्राउजर पहना है। उन्होंने ओवरसाइज्ड ग्लासेस लगा रखे हैं। इसके साथ गोल्ड इयररिंग्स और गोल्ड ब्रेसलेट पहनी है। बोल्ड ड्रेस में तारा अलग-अलग अंदाज में पोज दे रही हैं। उनकी इन तस्वीरों पर एक फैन ने लिखा- 'प्रिंसेस तारा'। एक अन्य ने लिखा- 'तापमान बढ़ा दिया'। एक यूजर लिखते हैं, 'तारा का इरादा मुझे मारने का है'।बता दें कि सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी फिल्म 'तड़प' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं।

## हिंदू-मुस्लिम के लिए अलग कानून पर यूजर ने उठाए सवाल तो भड़कीं गौहर खान, कहा- नफरत मत फैलाओ

हाल ही एक यूजर ने भारत में हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग-अलग पारिवारिक कानून पर सवाल उठाए, जो गौहर खान को रास नहीं आया और उन्होंने उसकी क्लास लगा दी। गौहर ने ट्विटर पर लिखा कि वह भारत में नफरत फैलाना बंद करे। गौहर खान उन ऐक्ट्रेसेस में शामिल हैं जो हर मुद्दे पर अपनी राय बेबाकी के साथ रखती हैं। इतना ही नहीं, ट्रोलर्स को जवाब देना हो तो भी वह पीछे नहीं रहतीं। और जब बात अलग-अलग समुदायों का आदर करने, इज्जत देने की आती है तब तो गौहर खान बेबाकी से बोलती हैं। हाल ही कुछ ऐसा ही हुआ। ट्विटर पर एक यूजर ने जब भारत में हिंदुओं और मुस्लिमों के लिए अलग-अलग पारिवारिक कानून पर सवाल उठाया और आलोचना की तो गौहर खान बिफर गईं। गौहर ने उस यूजर को मुंहतोड़ जवाब दिया। यूजर ने ट्वीट किया था, बाहरी दुनिया यह नहीं जानती है कि भारत में अभी भी हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग-अलग पारिवारिक कानून हैं। हिंदुओं को धर्मनिरपेक्ष संहिता का पालन करना होगा। मुसलमान 4 पत्नियां रख सकते हैं और शरिया के नाम पर अपनी पत्नियों और लड़कियों की पढ़ाई भी बंद करवा देते हैं।








## लीजेंड्स क्रिकेट लीग के लिए एशिया और वर्ल्ड लीजेंड्स टीम की हुई घोषणा, दिलशान, अफरीदी एशिया टीम से खेलेंगे

नई दिल्ली। लीजेंड्स क्रिकेट लीग के आयोजकों ने एशिया और वर्ल्ड लीजेंड्स टीम की घोषणा की है। एशिया टीम में श्रीलंका के 7 शीर्ष दिग्गज शामिल हैं और इसमें सनथ जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन, चामिंडा वास, रोमेश कालुविथराना, तिलकरत्ने दिलशान, नुवान कुलशेखर और उपुल थरंगा शामिल हैं।लीजेंड्स क्रिकेट लीग 2022 की शुरुआत 20 जनवरी से ओमान क्रिकेट स्टेडियम में होगी। श्रीलंका के खिलाड़ियों के साथ एशियाई टीम में पाकिस्तान के दो स्टार खिलाड़ी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर और हरफनमौला शाहिद अफरीदी भी शामिल हैं। हालांकि, टूर्नामेंट में भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर नहीं दिखेंगे, जो पिछले साल रांची में आयोजित टूर्नामेंट के पहले सीजन में एक प्रमुख आकर्षण थे।भले ही टूर्नामेंट के प्रोमो में तेंदुलकर का नाम शामिल था, लेकिन मास्टर बल्लेबाज ने अपनी प्रबंधन एजेंसी के माध्यम से पुष्टि की कि वह इस साल टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। लेकिन टूर्नामेंट को तब बढ़ावा मिला जब भारत के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की और इंडिया महाराजा के लिए खेलेंगे। भारत की ओर से हरभजन सिंह भी हैं, जिन्होंने पिछले साल के अंत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। वीरेंद्र सहवाग और ऑलराउंडर इरफान पठान भी शामिल हैं।

**लीजेंड्स क्रिकेट लीग 2022 : टीमें**

**इंडिया महाराजा:** वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, इरफान पठान, यूसुफ पठान, बद्रीनाथ, आरपी सिंह, प्रज्ञान ओझा, नमन ओझा, मनप्रीत गोनी, हेमंग बदानी, वेणुगोपाल राव, मुनाफ पटेल, संजय बांगर, नयन मोंगिया और अमित भंडारी

**एशिया टीम:** शोएब अख्तर, शाहिद अफरीदी, सनथ जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन, कामरान अकमल, चामिंडा वास, रोमेश कालूविथाराना, तिलकरत्ने दिलशान, नुवान कुलशेखरा, अजहर महमूद, उपुल थरंगा, मिस्बाह-उल-हक, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, उमर गुल और असगर।

## डीआरएस विवाद पर पहली बार बोले डीन एल्गर, बताया कैसे टीम ने उठाया इसका फायदा

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका की टीम के कप्तान डीन एल्गर ने केपटाउन टेस्ट मैच में मिली जीत को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। डीन एल्गर ने कहा है जब डीआरएस विवाद हुआ तो उनको टारगेट के करीब पहुंचने का मौका मिल गया। भारतीय टीम डीआरएस विवाद में फंसी हुई थी और बयानबाजी कर रही थी और दूसरी ओर कप्तान डीन एल्गर ने कीगन पीटरसन के साथ मिलकर साउथ अफ्रीका की जीत की नींव रख दी। बाएं हाथ के बल्लेबाज डीन एल्गर को अंपायर मराइस इरासमस को lbw आउट दे दिया था, लेकिन थर्ड अंपायर ने डीआरएस लेने के बाद फैसला बदलवा दिया था, क्योंकि हॉक-आई टेक्नोलोजी ने दिखाया था कि बॉल की ट्राजेक्टरी स्टंप्स के ऊपर है। ऐसे में जब फैसला बदला तो भारतीय खिलाड़ी आग बबूला हो गए। कप्तान विराट कोहली, उपकप्तान केएल राहुल और गेंदबाज आर अश्विन बयानबाजी कर रहे थे। पूरे भारतीय कैंप में सिर्फ और सिर्फ डीआरएस की चर्चा थी और स्टंप्स माइक के जरिए ब्रॉडकास्टरों पर कमेंट किए जा रहे थे। इस बीच 212 के टारगेट का पीछा कर रही साउथ अफ्रीका की टीम को लक्ष्य को हासिल करने का मौका मिल गया।



## इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 303 रनों पर रोका, ट्रैविस हेड ने लगाया शानदार शतक

नई दिल्ली। स्टुअर्ट ब्रॉड और मार्क वुड के तीन-तीन विकेट की बदौलत इंग्लैंड ने पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 303 के कुल स्कोर पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने रात के अपने 6 विकेट पर 241 के स्कोर से दूसरे दिन के खेल को शुरू किया था। ट्रैविस हेड ने कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद वापसी करते हुए 101 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि युवा कैमरन ग्रीन ने बेहतरीन 74 रन की बेहतरीन पारी खेली। क्रिस वोक्स और ओली रॉबिन्सन ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। इससे पहले सीरीज में 0-3 से पीछे चल रहे इंग्लैंड ने होबार्ट में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। इंग्लैंड का यह फैसला उस समय तक सही नजर आ रहा था जब ऑस्ट्रेलिया ने अपने तीन विकेट 12 रन तक गंवा दिए थे। डेविड वार्नर खाता खोले बिना आउट हुए जबकि पिछले मैच की दोनों पारियों में शतक बनाने वाले उस्मान ख्वाजा को ओपनिंग में उतरना रास नहीं आया और वह मात्र छह रन बनाकर स्टुअर्ट ब्रॉड का शिकार बन गए। स्टीवन स्मिथ भी खाता खोले बिना ओली रॉबन्सिन का शिकार बने।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## क्या बिना कर्मचारी और मतदाता होंगे चुनाव?

पांच राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही तेजी से बढ़ते कोरोना के केस चिंता बढ़ा रहे हैं। मन में भय पैदाकर रहे हैं।सरकार और चिकित्सक कह रहे हैं कि नया वायरस ज्यादा गंभीर नहीं हैं।इस सबके बावजूद कोई इन पर यकीन करने को तैयार नहीं। महाराष्ट्र और दिल्ली में तेजी से बढ़े केस के बाद सरकार द्वारा लागू की गई सख्ती , दिल्ली में लगे वीकेड लॉक डाउन से जनता में भय व्याप्त है। श्रमिक पलायन कर रहे हैं। सब डरे सहमें हैं।जिस तेजी से केस बढ़ रहे हैं ऐसे में लगता है कि हो सकता है मतदान के दिन चुनाव डयूटी पर तैनात अधिकाशं कर्मी कोरोना पोजिटिव होकर क्वारंटीन हों।मतदाता बूथ से गायब हों। राजनैतिक दल,चुनाव आयोग और सरकार ही बूथ की निगहबानी करती नजर आएं। आम जनता चाहती है कि पांच राज्यों में होने वाले चुनाव न हों। कोरोना के बढ़ते केस को लेकर अधिकतर लोग चिंतित हैं,किंतु राजनैतिक दल नही चाहते कि चुनाव हटें।सरकार भी इस पर चुप्पी साधे हैं। ऐसे में चुनाव आयोग ने चुनाव कराने की घोषणा कर दी। कोरोना महामारी के काल में आयोग को मतदाता प्रदेश में मतदान में लगे कर्मियों की राय लेनी चाहिए थी। क्या वह भी इसके लिए तैयार है। जिन्हें वोट डालने हैं, उनसे पूछा नहीं गया।और तय कर दिया कि चुनाव तो होंगे ही।कोरोना की हालत यह है कि देश में 24 घंटे में एक लाख 93 हजार नए कोरोना संक्रमित पाए गए। 24 घंटे में 15.8 फीसदी अधिक नए मरीज मिले। तीन दिन में मौत काआंकड़ा 900 के करीब पहुंच गया।एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 1 लाख 33 हजार 318 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस वक्त 9.48 लाख कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है।



राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

## फुले दंपति को भारत रत्न दिलवाने हेतु दिया ज्ञापन



टोंक (हमारा वतन) राष्ट्रीय फुले बिग्रेड सैनी समाज टोंक ने फुले दंपति को भारत रत्न दिलवाने सहित छः सूत्री मांगो को लेकर ज्ञापन दिया । टोंक राष्ट्रीय फुले बिग्रेड सैनी समाज ने फुले बिग्रेड के संयोजक चन्द्र प्रकाश सैनी के निर्देशनुसार फुले दंपति को भारत रत्न दिलवाने सहित छः सूत्री मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया । इस दोरान टोंक यूथ जिलाध्यक्ष अजय सैनी सांखला ने बताया कि ज्ञापन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम टोंक जिला कलेक्टर को छह सूत्री मांग लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में फुले दंपति को भारत रत्न प्रदान करेंने , सरकार द्वारा फुले फाउंडेशन का निर्माण करने , समाज को 12 प्रतिशत आरक्षण से अच्छादित करने , फुले रेजीमेंट उर्फ सैनी रेजिमेंट, हर शहर में सब्जी वालों के लिए स्थानीय जगह निश्चित करने, समाज के ऊपर अत्याचार करने वालों को तुरंत जेल भेजने के लिए एक्ट का निर्माण करने कि मांग की गई। इस दौरान राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड टोंक शहर अध्यक्ष महेन्द्र सैनी, जिला महामंत्री नवरत्न सैनी , तहसील प्रभारी नरेंद्र सैनी, सुनील सैनी सोहिता, गणेश सैनी, पवन भाटी, अजय सैनी , सुनील सैनी सोहिता सोशल मीडिया प्रभारी आदि लोग मौजूद रहे ।

## छात्रसंघ अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में शास्त्री डिग्री को स्नातक के समतुल्य नहीं मानने पर किया प्रदर्शन

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में आर्मी धर्म गुरु भर्ती में शास्त्री डिग्री को स्नातक के समतुल्य नहीं मानने के संदर्भ में प्रदर्शन किया गया ।

साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति एवं रजिस्ट्रार की अनुपस्थिति के कारण मांगों का समाधान नहीं मिलने पर रोष जताया । कुलपति एवं रजिस्ट्रार द्वारा विश्वविद्यालय में नहीं आने पर भी उनका विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रविकांत शर्मा,अशोक कुमार पंचोली, शुभम कुमार शर्मा, रजनीश शर्मा ,भवानी पारीक,रोहित शर्मा ,शुभम पाराशर ,अजय कुमार शर्मा, शुभम शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, कुलदीप राठौर, अविनाश चौधरी, केशव शर्मा, सोनू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।



राज्य स्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह में 405 पशुपालकों को किया सम्मानित

## राज्य सरकार प्रदेश में पशुधन के विकास के लिए प्रतिबद्ध-कृषि एवं पशुपालन मंत्री

जयपुर(नि.सं.)। कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में पशुधन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशानुरूप पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तरीय पशुपालक सम्मान योजना के रूप में नवाचार किया गया है। किसानों के हित में भी कई फैसले पिछले तीन साल में लिए गए हैं। अगले वित्तीय वर्ष से किसानों के लिए अलग से बजट प्रस्तुत किया जाएगा। कटारिया यहां शासन सचिवालय के कॉफ्रेन्स हॉल में वर्चुअली आयोजित राज्य स्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, पशुपालन एवं डेयरी तीनों विभाग प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संकलन पर 2 रुपए प्रति लीटर की दर से अनुदान दिया जा रहा है। पशुपालन मंत्री ने पशुधन को किसान की जीवन रेखा बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी गांव-गांव तक पहुंचे, ताकि गरीब पशुपालक को लाभ मिल सकें। श्री कटारिया ने बबाई (खेतड़ी) में 10 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से तैयार नवीन डेयरी संयंत्र का भी लोकार्पण किया।

पशुपालना मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्य के 405 प्रगतिशील पशुपालकों को सम्मानित किया गया है। राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले 2 पशुपालकों को पचास-पचास हजार रुपए, जिला स्तर पर सम्मानित होने वाली सात महिला पशुपालकों सहित 68 पशुपालकों को पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए तथा पंचायत समिति स्तर पर सम्मानित होने वाली 32 महिला पशुपालकों सहित 335 पशुपालकों को दस-दस हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरुप प्रदान की गयी है।

जल संरक्षण में महत्वपूर्ण विभागों की भूमिका पर उच्च स्तरीय बैठक

## प्रदेश के दूरगामी हितों के लिए जल संरक्षण एवं ग्राऊण्ड वाटर रिचार्ज पर आमजन में जागरूकता का माहौल तैयार हो : जोशी



जयपुर(नि.सं.)। जलदाय एवं भू-जल मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि प्रदेश के दूरगामी हितों के मद्देनजर जल संरक्षण एवं ग्राऊण्ड वाटर रिचार्ज को बढ़ावा देने के लिए आमजन को शिक्षित करते हुए जागरूकता का माहौल तैयार किया जाए, जिससे सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को समझे और राज्य सरकार द्वारा भावी पीढ़ी के हितों के लिए उठाए गए कदमों में भागीदारी के लिए आगे बढ़कर सहयोग करें। डॉ. जोशी शासन सचिवालय में प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के कदमों तथा घरेलू एवं अन्य प्रकार के उपयोग में पानी के अपव्यय को रोकने के सम्बंध में विभिन्न विभागों की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गिरते भू-जल को रोकने के लिए सभी बड़े विभागों को ठोस रणनीति एवं कारगर कार्ययोजना के साथ साझा प्रयास करने होंगे। जलदाय मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पार्को के रखरखाव के लिए ''रिसाईकिल्ड वाटर'' के उपयोग को अनिवार्य करने के बारे में सभी स्तरों पर व्यापक स्तर पर चर्चा के बाद नियम बनाए जा सकते है। इसके लिए शहरों के मास्टर प्लान में ''सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट'' स्थापित करने के लिए पहले से ही स्थान निर्धारित करने पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में भी रिसाईकिल्ड वाटर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रावधानों की समीक्षा के भी निर्देश दिए। डॉ. जोशी ने प्रदेश में वर्षा जल संरक्षण के लिए बड़े भवनों में बनने वाले ''स्ट्रक्चर्स'' की जांच के सिस्टम को बेहतर बनाने आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग राज्य में सरकारी भवनों में बने ''वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स'' की जांच के लिए अभियान चलाएं।

## आरकेसीएल की तरफ से निःशक्तजनों को बैसाखी, ट्राईसाइकिल और कृत्रिम अंगो का किया वितरण

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (आर.के.सी.एल.) द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के माध्यम से निःशक्तजनों की सहायतार्थ बैसाखी, ट्राईसाइकिल और कृत्रिम अंगों का वितरण किया गया। आर.के.सी.एल. के प्रबंध निदेशक रवीन्द्र शुक्ला ने बताया कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता के निर्देश पर सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि निःशक्तजन हमारे समाज का ही अंग हैं, उनके कल्याण एवं उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा